# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

फा.क्र.1042/स्टोर/2026/ कोरबा,दिनांक 17.06.2026

## निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Building SOR 20.04.2026** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 07.07.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 10.07.2026 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्ट्रल स्टोर के हॉल क्र. 3 एवं 4 का मरम्मत एवं उन्नयन कार्य (निगम मद) | **336372.00** | **3000 /-** | **750/-** | **Form-A** | 03 माह | सक्षम श्रेणी | **10.07.2026** |

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत् दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र बंद लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र की मूल प्रति, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी (निविदा आमंत्रण पत्र जारी दिनांक के पश्चात् का मान्य) एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाएँ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले वित्तीय वर्ष का **आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन,कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन एवं** विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के अनुरूप लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना क्रमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
9. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।

क्रमशः...............02

10. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
11. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
12. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः– खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
13. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
14. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
15. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
16. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के **लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु** रोकी जावेगी।
17. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
18. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथ पत्र कंडिका क्र. 04 के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
19. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
20. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
21. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
22. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
23. कार्य कियान्वयन से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण संबंधी रिपोर्ट पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जावेगा।
24. ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान ''निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016'' में किये गए प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
25. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**नोटः–**

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

प्रतिलिपि :– **प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ..........................................

पूर्ण पता ..........................................

..........................................

मोबाईल नं.– ..........................................

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

## ABSTRACT

**ork :- Maintenance and Renovation Work of Hall No. 03 & 04 At Centeral Store Under Nigam**

**Sor :- Schedule of Rates Public Works Department [ PWD BUILDING 20-04-2026]**

| | ITEM DESCRIPTION | N | L | B | H/D | Qty | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | emoving white or colour wash/distemper by scrapping, sand papering and preparing the surface smooth including necessary repair to scratches etc.complete. | | | | | | | | |
| | | | | | | 364.80 | Sqm | 6.62 | 2414.98 |
| | | | | | | | | | |
| 2 | Brick work with modular fly-ash lime bricks (FaLG Bricks) confirming to IS:12894-2002 of class designation 4.0 in foundation and plinth in | | | | | | | | |
| | Cement Mortar 1:6 (1 cement : 6 coarse sand) | | | | | | | | |
| | | | | | | 2.45 | Cum | 3066.00 | 7505.57 |
| | | | | | | | | | |
| | Providing and making 12mm thick cement plaster of mix | | | | | | | | |
| | In Cement Mortar 1:6 (1 cement : 6 fine sand) | | | | | | | | |
| | | | | | | 40.80 | Sqm | 85.00 | 3468.00 |
| | | | | | | | | | |
| | Steel work in tubular (round, square or rectangular hollow tubes etc.) structure in built-up sections, trusses and frame work including cutting, hoisting, fixing in position upto a height of 5m above plinth level, consisting of columns trusses, roof and bottom purlins, base plate, holding down bolts, wind ties bracing (if required), bolts, nuts and washers for fastening etc. complete with applying a priming coat of red oxide zinc chromate primer. | | | | | | | | |
| | Electric resistance OR induction butt welded tubes Grade-250 | | | | | | | | |
| | | | | | | 120.00 | KG | 75.00 | 9000.00 |
| 46 | approved size, shape and pitch of corrugation, total coated thickness (TCT) 0.60 mm +/- 5%, epoxy primer on both side of the sheet and colour polyester top coat 18-20 microns and 6-7 microns on bottom. Sheet should have protective guard film of 25 microns minimum to avoid scratches while transportation and should be supplied in single length upto 12 metre or as desired by Engineer-in-charge. The sheet shall be fixed using self drilling /self tapping screws of size (5.5x 55mm) with EPDM seal or with polymer coated J or L hooks, bolts and nuts 8mm diameter with bitumen and G.I. limpet washers or with G.I. limpet washers filled with white lead complete upto any pitch in horizontal/ vertical or curved surfaces excluding the cost of purlins, rafters and trusses and including cutting to size and shape wherever required. | | | | | | | | |
| | | | | | | 432.60 | Sqm | 588.00 | 254368.80 |

| | ITEM DESCRIPTION | N | L | B | H/D | Qty | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | … and applying 2mm thick white cement based … grade Putty with minimum 3 coats applied @ 5.4 kg/ … as per relevant IS code 17545:2021 (Product such as … wall care, Asian trucare, JK wall putty, Berger Bison … putty) to make the surface smooth and even with all tools …kles and labour etc. complete for the work. | | | | | | | | |
| | | | | | | 364.80 | Sqm | 81.00 | 29548.80 |
| | | | | | | | | | |
| | Providing and applying on exterior surface with ECONOMY Exterior Emulsion paint of required shades to give protective and water proof finish minimum three coats applied @ 1.43 lit / 10Sqm up to final finish as per relevant I.S. Code 15489:2013 Type -2 Class D , C ( Glossy /Semi Glossy finish ) (Product such as Asian Ace , Dulux Promise Exterior , Berger Wall Masta , Nerolac Suraksha Plus , Nippon Shogun Opus, One Style Power Bright) inclusive of providing abro tape on edges and article and cleaning of door, windows, floor and surface as required with all tools tackles and labour etc. complete for the work (With 2 Year Warranty) | | | | | | | | |
| | | | | | | 364.80 | Sqm | 66.00 | 24076.80 |
| 39 | Providing and applying Glossy finish Enamel paint mimimum 2 coats in all surface applying @ 0.75 lit/ 10 Sqm up to required finish As Per relevent I.S. code 2932: 2013 of (Product such as Asian Apcolite Premium Enamel , Dulux Promise Premium Enamel , Nerolac Synthatic Enamel, Opus Prime enamel ) inclusive of providing abro tape on edges and article and cleaning of door, windows, floor and surface As Required with all tools tackle and labour etc. complete for the work. | | | | | | | | |
| | | | | | | 53.00 | sqm | 113.00 | 5989.00 |
| | | | | | | | | **Total Ammount** | 336371.94 |
| | | | | | | | | **Add Extra 18 % For GST Work** | 60546.95 |
| | | | | | | | | **Total Ammount** | 396918.89 |
| | | | | | | | | **Say Amount Rs.** | **397000.00** |

**Sub Engineer**
**Municipal Corporation**
**Korba (C.G.)**

**Asst. Engineer**
**Municipal Corporation**
**Korba (C.G.)**